संक्षिप्त

श्री राम पुस्तकालय की स्थापना की

पीपलू। अयोध्या में श्री रामलला की जिस मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठापना हुई, उसी मुहूर्त में जयकिशनपुरा में भी बालिकाओं के लिए निःशुल्क पुस्तकालय श्रीराम पुस्तकालय की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई। इसकी शुरुआत से अब बालिकाओं को अपने गांव में ही शांत वातावरण में पढने की सुविधा मिल सकेगी। गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवाचारी शिक्षक दिनकर विजयवर्गीय ने बताया कि आज के समय में किसी गांव में लाइब्रेरी का होना उस गांव की तरक्की में बडा सहायक है।

विशाल भजन संध्या आज

निवाई। श्री गणेश्याम सेवा कुंज के तत्वावधान में मंगलवार को बच्चों की शिक्षा के लिए जैन कॉलोनी में विशाल भजनामृत गंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चेतन पारीक ने बताया कि श्याम भजन संध्या के दौरान नरोत्तम अग्रवाल व मुरारी अग्रवाल द्वारा बाबा श्याम का विशेष दरबार का मनमोहक श्रृंगार करेंगे। इस दौरान दरबार के समक्ष अखंड ज्योत जलाई जाएगी। भजनामृत गंगा कार्यक्रम में गायक महेश दरगड, अनिल बावरा, महेश खण्डेलवाल, रवि पारीक, मनीष साहू, राकेश गुरुजी व राहुल जोशी भजनों पर मनमोहक प्रस्तुति देगें।

पूर्व एटीओ का आकस्मिक निधन

कोटपूतली। गायत्री परिवार कोटपूतली के वरिष्ठ सदस्य व शाखा प्रमुख एवं सेवानिवृत एटीओ रामकुमार शर्मा निवासी मौहल्ला बाछड़ी का सोमवार को शाम 04.30 बजे 86 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पडने से आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी बीना देवी, पुत्र अनिल शर्मा, पौत्र व पौत्रियों से भरा पुरा परिवार छोडकर गये है। शर्मा का अन्तिम संस्कार मंगलवार को किया जायेगा।

निकाली कलश यात्रा

निवाई। सिरस में श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सोमवार को श्योसिंहपुरा, वजीराबाद, खलीलाबाद में कलश यात्रा निकाली गई। सिरस गांव के दादू पंथी बालाजी मंदिर में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ किए।

जय श्री राम के नारों से गूंजा पावटा प्रागपुरा, निकाली शोभायात्रा

पावटा। उपखंड पावटा सहित आस पास के क्षेत्र के लिए अविस्मरणीय पल रहेगा, जय श्रीराम की गूंज और मंत्रों के उच्चारण के मध्य आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्त्वाधान व मोहनदास महाराज के सानिंध्य मे प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकली।

पूरा पावटा कस्बा सोमवार को रामलला की धुन में मंत्रमुग्ध नजर आया। आदर्श रामलीला मैदान पावटा से दोपहर दो बजे शोभायात्रा निकाली गई। इसमें रथ में राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी सवार

■ **कहीं जगमगाए दिए, कहीं निकाली शोभायात्रा**

थे। डीजे व ढोल ढमाकों के आगे युवा नाचते गाते हुए चल रहे थे। वहीं महिलाओं ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर मंगलगीत गाये। वहीं लोग शोभायात्रा में श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इससे माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। वही शोभायात्रा को लेकर जगह-जगह सैंकड़ों स्वागत द्वार बनाए गए वही आर्कषक रंगोलियो भी बनाई गई। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पावटा पहुंची। इसके बाद हनुमान चालीसा व महाआरती एवं उसके बाद दीपोंत्सव व आतिशबाजी कर एक बार फिर दीपावली मनाई गई। इसमें जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मुख्य मार्गों से होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पावटा पहुंची। इसके बाद हनुमान चालीसा व महाआरती एवं उसके बाद दीपोंत्सव व आतिशबाजी कर एक बार फिर दीपावली मनाई गई। इसमें ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा पर विधायक कुलदीप धनकड ने भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया व महाआरती मे शामिल होकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ पटेल, महेश पारिक, संरक्षक उमेश टांक, सुभाष गोयल, वीरेंद्र बंसल, अध्यक्ष योगेश शर्मा, निदेशक मोहन गौड, सचिव चेतन जोशी, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड, रामशरण बोहरा, सोनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, लक्की भारद्वाज, शुभम शर्मा, विजय सोनी, ललित शर्मा, सदस्य, सुनील गौड, दीपक पटेल, विकास शर्मा, सुभाष टिलावत सहित वरिष्ठजन, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

पावटा में मोहनदास महाराज के सानिंध्य मे प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकली।

प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

अलवर। अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अलवर दक्षिण जिले के हजारों मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम, अनुष्ठान एवम प्रसादी वितरण हुआ।

इसी क्रम मे अधिकतर मंदिरों मे सजावट की व एल.ई.डी. से सीधा प्रसारण देखा गया जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के सानिध्य मे अलवर शहर के माधव मंडल मे पुराना कटला स्तिथ जगतनाथ मंदिर मे एल ई डी से हजारों कार्यकर्ताओ व आमजन ने सीधा प्रसारण देखा गया व प्रसादी वितरीत ग्रहण की। जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने इस अवसर पर कहा की यह सनातन धर्म के लिए एक गौरव का दीन ही करीब 500 सालो के वनवास के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या वापस आए हे आज का दिन युगों युगों तक के लिऐ अमर हों गया है। साथ ही भगवान राम का टेंट से लेकर आज गर्भगृह तक का सफर मे अपना जीवन का बलिदान देने वाले उन सभी राम भक्तो को सादर नमन। इस अवसर पर जिला मंत्री मीना सैनी,जिला प्रवक्ता जितेंद्र गोयल, जलि मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विधान सभा सयोजक राजेंद सेखवात मंडल अध्यक्ष रवि यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष तरुण जैन, मंडल महामंत्री सुनील चौधरी, उपाध्यक्ष शंकर लाल सैनी, पूर्व पार्षद संदीप गुप्ता,अशोक जैन,राकेश शर्मा, राजेंद्र छिपी, गणेश कुमार छिलवाल, यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

सार-समाचार

गर्भवती महिला के लिए रक्तदान किया

निवाई। गर्भवती महिला का प्लेटलेट कम होने से ऑपरेशन रोकने पर रक्तदाता बन्नालाल प्रजापत मेहंदवास एसडीपी रक्तदान किया। प्रजापति ब्लड ग्रुप के संयोजक सांवरा प्रजापति लक्ष्मीपुरा जाटान ने बताया कि प्रजापति ब्लड ग्रुप टोंक के सक्रिय सदस्य रक्तदाता बन्नालाल प्रजापत मेहंदवास ने अपने गांव मेहंदवास से 15 किलोमीटर दूर अग्रवाल हॉस्पिटल टोंक में एडमिट चल रही गर्भवती महिला बीना रैगर निवासी गिरोली का प्लेटलेट काउंट कम होने के कारण ऑपरेशन रुका हुआ था। रक्तदाता बन्नालाल प्रजापत मेहंदवास ने सुबह 6 बजे अस्पताल पहुंचकर महिला के लिए रक्तदान किया। इसके बाद महिला का ऑपरेशन हो सका। रक्तदाता बन्ना लाल ने अबतक 21 बार रक्तदान किया है।

सजाई झांकी, निकाली शोभायात्राऐं

पीपलू। कस्बे के महावीर चौक पर भगवान की झांकी सजाकर आतिशबाजी की गई। कूट वाले बालाजी, लक्ष्मण महाराज मंदिर, श्री विश्वकर्मा मंदिर, भूतेश्वर शिवालय पर रामधुनी करके प्रसाद वितरण किया। बनवाडा में रामलला की झांकी सजाकर रामधुनी मंडल के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। कुरेडा में 251 महिलाओं के साथ विशाल कलशयात्रा निकाली गई। डोडवाडी में भक्तों की टोली ने प्रत्येक मंदिर पर पहुंचकर रामधुनी की। ग्रामीणों ने भक्तों का स्वागत किया गया। संदेडा लक्ष्मीनाथ मंदिर हरिपुरा में शोभायात्रा निकालकर पंगत प्रसादी, चौगाई में अन्नकूट प्रसादी, बगडी में रघुनाथ महाराज, हनुतिया, नानेर, सोहेला, रानोली, झिराना में विभिन्न आयोजन के साथ प्रसाद वितरण हुआ।

कलश यात्रा निकाली

सिसोला। बालाजी मंदिर से विशाल कलशयात्रा निकाली गई। सर्व समाज की महिलाएं ने सिर पर मंगल कलश धारण किए। युवक-युवतियांए महिला-पुरुष रामधुन पर नाचते, जयकारें लगाते हुए चले। युवा ध्वज पताका लहरा रहे थे।

आम सूचना हर खासो आम सूचित हो कि मेरा अभिभाष्य श्री अमर सिंह पुत्र श्री हनुमान सिंह उम्र-48 वर्ष जाति-राजपूत निवासी-प्लाट नं.62 ए देव नगर हाज्यवाला, सांगानेर, जयपुर के पुत्र रविन्द्र सिंह व प्रविन्द्र सिंह कहने में नहीं है तथा आहूत हो गए है कोई व्यक्ति इनसे लेन-देन करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य ने रविन्द्र सिंह व प्रविन्द्र सिंह तथा उनके वारिसान पत्नी व बच्चों को स्व अर्जित सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।
जयपुर 22/11/24 भागीरथ सिंह चौहान
एडवोकेट, मो. 9314626229

निष्पादन अधिकारी नियुक्त न्यायालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर (शहर) जयपुर
दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.
दीवान चैम्बर नवाब साहब की हवेली, त्रिपोलिया बाज़ार, जयपुर, फ़ोन नं. - 0141-2573236

क्रमांक: RLB/6401/2023-24 **नीलामी की सूचना** दिनांक: 22.01.2024
(राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम 2003 के नियम 94 के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित दोषी ऋणी सदस्यों द्वारा डिक्रीधारी दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की बकाया ऋण राशि नहीं चुकाने के कारण इनकी निम्नांकित सम्पत्ति को कुर्क कर कब्जे में ले ली गई है। उक्त कब्जा शुदा सम्पत्ति जहां जैसी भी स्थिति में है, के आधार पर निम्नांकित दिनांक को प्रातः 11:30 बजे वर्णित नीलामी स्थल पर खुली बोली से नीलाम की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति नियमानुसार नीलामी स्थल पर मौके पर उपस्थित होकर आवेदन कर बोली लगावे।

ऋणी सदस्यों का नाम	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	नीलामी दिनांक
श्रीमती इशरत स्कॉट पत्नी डेरिक स्कॉट हाल निवासी प्लॉट नं 205 हटवाड़ा मेहनत नगर, 60 फीट रोड, जयपुर	1. प्लॉट में 20, कबीर कॉलोनी, सुशिलपुरा, अजमेर रोड, जयपुर एवं 2. प्लॉट न 15 डी, कबीर कॉलोनी, सुशिलपुरा, अजमेर रोड, जयपुर	550000/- 2500000/-	137000/- 625000/-	07.02.2024
मैसर्स सनातन ब्रदर्स प्रो. मीना कुमारी खत्री पत्नी व सह ऋणी गोपाललाल खत्री निवासी फ्लैट न. HA-304 तृतीय मंजिल प्रताप अपार्टमेंट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर	प्लाट नं. 233 संशोधित पट्टा सं. 658 शिक्षा सागर कॉलोनी, टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर	1500000/-	375000/-	08.02.2024

नीलामी स्थल: दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. दीवान चैम्बर, नवाब साहब की हवेली, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर। (नीलामी की कार्यवाही से पूर्व नीलामी स्थल बदलने का अधिकार निष्पादन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। नीलामी की शर्ते: नीलामी स्थल अथवा निष्पादन अधिकारी के उपरोक्त वर्णित कार्यालय अथवा वर्णित कार्यालय अथवा डिक्रीधारी बैंक के प्रधान कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में देखी या प्राप्त की जा सकती है।
निष्पादन अधिकारी, दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि

सेवा कार्य ही राम राज्य की परिभाषा : कसाना

कोटपूतली। भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कस्बे के आदर्श नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती प्रीति देवी मैमोरियल सोसायटी के तत्वाधान में गाडिया लुहारों को कम्बल भी वितरित किये गये। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर 125 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये।

मुख्य अतिथि कसाना ने कहा कि सेवा कार्य ही एक आदर्श राम राज्य की प्रथम परिभाषा है। सोसायटी अध्यक्ष बृजेश सैनी व अनिल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन भूपेन्द्र यादव ने किया। इस दौरान भाजपा नेता फूलचन्द सैनी, विस्तारक मोहरसिंह, इंजी. विक्रम कसाना, बालकृष्ण सैनी, जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, जिला

■ **श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जरूरतमंदों को किया कम्बल वितरण**

संयोजक कमल कसाना, कमलेश छावड़ी, पुष्कर शर्मा, अशोक सुरेलिया, विमल गोयल, कमलेश सैनी, बजरंग सैनी, गोविन्द, खुशवंत, लक्ष्मण सिंह, पंकज शर्मा, रविन्द्र सिंह, सतीश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

इसी तरह कस्बे सहित जिले के सभी गांवों के मन्दिरों में जहां धार्मिक आयोजन हुए वहीं भंडारों का भी आयोजन हुआ। चहुंऔर प्रभात फेरियां, भव्य शोभायात्राएं निकाली गई। कस्बे के अग्रसेन तिराहे पर जहां 11 हजार दिपकों से रामलला का स्वागत किया गया। वहीं नागाजी की गौर स्थित मन्दिरों में भी राम भक्तों ने मन्दिरों में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं देर शाम हजारों दिपकों व भव्य आतिशबाजी के साथ रामलला का स्वागत किया गया।

श्री राममय हुई निवाई, उमड़ा सैलाब

निवाई। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सोमवार को शहर में भव्य आयोजन हुआ। नगरपालिका के तत्वावधान में बस स्टेण्ड पर विशेष मंच बनाया गया जिस पर भगवान राम का आदम कद चित्र लगाया गया।

इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ गणगौरी बाजार मंदिर स्थित कंकाली माता मंदिर से हुआ। शहर के मुख्य मार्गो से होकर कलश यात्रा अहिंसा सर्किल के परिक्रमा लगाते हुए कार्यक्रम स्थल बस स्टेण्ड पहुंची जहां पर कलशों को स्थापित किया गया। कलशयात्रा में शामिल युवाओं ने भगवान राम के भजनो पर अपनी ही धून में झुमते हुए नजर आए। पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि बस स्टेण्ड पर बनाए गए विशेष मंच पर श्री प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा श्रीराम पंचायत की जीवंत झांकी सजाई गई। विशेष मंच पर भगवान रघुनाथजी को विराजमान किया गया। श्री अयोध्या धाम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद विधायक रामसहाय वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया ने की आरती की। पूरे कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाने के लिए नगर पालिका की ओर से बडी स्क्रीन लगाई गई। जहां पर देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। सोमवार को सुबह से ही पूरे शहर का माहौल राममय दिखाई दिया। दोपहर 12:2० बजे जैसे ही अभिजीत मुहूर्त में अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई वैसे ही बस स्टेंड पर श्रद्धालुओं के उमडे हुए ज्वार ने भगवान जय श्रीराम के जयकारे से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी- पुष्पेन्द्र सैनी, संपर्क नम्बर-9772306344 ई-मेल-pushpendra.saini1@idfcbank.com
विधि अधिकारी- आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242 ई-मेल-aanchal.sharma@idfcbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 27.02.2024 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

निलामी का विवरण

क्रम सं.	डिमांड नोटिस तिथी एवं राशि	ऋण	ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम	सम्पत्ति का पता	आरक्षित मूल्य राशि	ईएमडी राशि	ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (आनलाइन) तक/पहले	निलामी की तिथि तथा समय	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय	अधिकृत अधिकारी विवरण	विधि अधिकारी विवरण
1	04.10.2022 को रूपये 1,22,35,380.92/-	10067015948	गोयल पेपर कारपोरेशन 2. सौरभ गोयल 3. मोहन लाल गोयल	फ्लैट नं. के के-1/103, पहली मंजिल, कुल क्षेत्रफल 1871 वर्ग फिट, कृष्ण कृपा-1, प्लाट नं.1, सुभाष नगर, जयपुर, जिसमें 3 बेडरूम, 1 ड्राइंग रूम, 1 किचन रूम, 1 डाइनिंग हाल, तीन टायलट, लाबी, बालकनियाँ तथा खुली छत, तथा जिस प्लाट पर फ्लैट बना है उसकी सीमायें है- पूर्व-पैट्रोल पम्प, पश्चिम-प्लाट नं.2, जो कृष्ण कृपा-।। के नाम से जाना जाता है, उत्तर-नाला, दक्षिण-रोड 18 मीटर चौडी	रूपये 1,06,64,700/-	रूपये 10,66,470/-	26.02.2024 सायं 5.00 तक	27.02.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक	20.02.2024 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक	पुष्पेन्द्र सैनी, सम्पर्क नम्बर 9772306344 ई-मेल आईडी-pushpendra.saini1@idfcbank.com	आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर 7737204242 ई-मेल आईडी-aanchal.sharma@idfcbank.com
2	26.04.2021 को रूपये 42,21,081.75/- व 26.04.2021 को रूपये 4725077/-	10029302198 10029367677	1. मै. भारत एन्टरप्राइजेज 2. विमल थवन 3. कंचित थवन 4. मोहिनी थवन मै.3 के पैक प्रो.	सम्पत्ति जी-2, क्लासिक रेजीडेन्सी, ए-18, हेम मार्ग, स्वेज फार्म, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर, राजस्थान-302019, का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 1350 वर्ग फिट, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. ए-17, पश्चिम-प्लाट नं. ए-19, उत्तर-रोड, दक्षिण-प्लाट नं. ए-35	रूपये 57,37,500/-	रूपये 5,73,750/-	26.02.2024 सायं 5.00 तक	27.02.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक	20.02.2024 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक		

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को वेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक- 22.01.2024 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
स्थान- जयपुर (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

नगर परिषद् की कारगुजारी, लापरवाही की हदें पार

कोटपूतली। कस्बे के नागाजी की गौर से आईटीआई कॉलेज तक बना गंदे पानी का नाला जहां लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है वहीं नगरपरिषद् के अधिकारियों से लेकर ठेकेदारों तक यह नाला अब किसी कमाई के जरिए से कम नहीं है।

करीब 15-20 वर्ष पूर्व बने इस नाले की सफाई की बात कि जाये तो इस नाले की सफाई महज फाईलों में होती रही और ठेकेदार अधिकारियों से गठ-जोड़ कर सरकार के सफाई के पैसे को पलीता लगाते रहे। नतीजन नागाजी की गौर स्थित हरिजन बस्ती गंदे पानी से जलमग्न होने लगी। जिसको लेकर विभिन्न वार्डो के पार्षदों ने जलभराव की समस्या की आवाज उठाई तो नगरपरिषद् के अधिकारियों की नींद खुली और आनन-फानन में नगरपरिषद् द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से उक्त नाले को साफ कराने की जहमत उठाई। जिसके चलते नाले के उपर डाले गये लेन्टर को जगह-जगह से तोड़ कर दर्जनों किचड़ की ट्रॉली सड़क पर डाल दी। जिससे ना केवल लोगों का जीना मुहाल हुआ बल्कि पिछले करीब 20 दिन से बीच रास्ते में पड़ा नाले का

■ **मिली भगत ऐसी की जर्जर नाले का पुराने मलबे व घटिया सामग्री से किया जा रहा रिपेयरिंग कार्य**

मलबा और खुला पड़ा नाला हादसे को न्योता दे रहा था।

इस बीस दिन के दौरान करीब आधा दर्जन लोग गिर कर इस नाले में चौटिल भी हुए। लेकिन अभी तक नाला पुरी तरह से साफ नहीं हुआ है जिसके चलते नाले में भारी मात्रा में किचड़ व पन्नियां जमा है। अब उक्त नाले की रिपेयरिंग का काम शुरू किया गया है बताया जा रहा है कि उक्त नाले की रिपेयरिंग का ठेका करीब 50 लाख रूपये का छोड़ा गया है। बावजुद इसके भी ठेकेदार लापरवाही की हदें पार करते हुए नगरपरिषद् के अधिकारियों से मिली भगत कर नाले की जर्जर दिवारों को पुराने मलबे व घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर हादसे की दिवार बनाने में लगे हुए है। जब ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था तो भाजपा नेता दयाराम प्रजापति, पार्षद प्रमोद गुरूजी, पार्षद प्रतिनिधि विजय आर्य, प्रफुल्ल रमन, बबलु श्रीवास्तव व मुन्ना ड्राईवर सहित वार्ड के कई लोगों ने विरोध किया तो ठेकेदार ने कहा कि 50 लाख रूपये में तो ऐसी ही रिपेयर होगी नया निर्माण नहीं कर सकता।

आपको बता दें कि उक्त नाले के उपर से हल्के व भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, जिसमें स्कूली वाहन भी शामिल है। यदि ऐसे में नाले की दिवार तहस नहस होकर बड़ा हादसा हुआ तो इसका जिम्मेवार कौन होगा? क्योंकी उक्त नाले में विगत 9 दिसम्बर 2018 को शाम करीब 5 बजे नाले का लेन्टर टूट गया था जिसमें एक ओवरलोड बजरी का ट्रेक्टर धंस गया था। जिसके चलते अपने घर के बाहर बैठी पांच महिलाएं ट्रॉली के नीचे दब गई थी। जिसमें दो महिलाओं नर्बदा जांगिड व भगवानी जांगिड की ट्रॉली के नीचे दबने से दर्दनांक मौत हो गई थी। वहीं बीना टेलर, अनीता सैन व संतरा देवी गंभीर घायल भी हुई थी जिनमें वार्ड नं. 40 की वर्तमान पार्षद मनीषा छावड़ी की सास संतरा देवी आज तक अपाहीज की जिन्दगी जीने को मजबूर है।

गणेश शर्मा पैदल जयपुर पहुंच कर सीएम को देंगे बधाई

उनियारा/चोरू। प्रेरक संघ प्रदेश संरक्षक एवं देह दानकर्ता गणेश शर्मा भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की सफलता को लेकर चूरू कस्बे स्थित हनुमान जी के मंदिर में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पठान का आयोजन किया गया इसके पश्चात हनुमान जी एवं श्री रामचंद्र जी की मां आरती उतार चूरू से जयपुर पैदल पहुंचकर मुख्यमंत्री को बधाई देने के थाणी है।

प्रेरक संघ प्रदेश संरक्षक एवं देह दानकर्ता गणेश शर्मा 23 जनवरी को श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं जन्मोत्सव के अवसर पर चौरू कस्बे से पैदल रवाना होकर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई संदेश देने के लिए जाएंगे। इनके साथ इस पैदल यात्रा में चौरू निवासी महावीर मीणा भी पैदल जायेंगे। उल्लेखनीय रहे कि उनियाराव खंड के महात्मा गांधी पुस्तकालय वाचनालय परिसर के प्रदेश संरक्षक गणेश शर्मा ने महात्मा गांधी की जयंती पर बेरोजगारी से त्रस्त होकर अपने देहदान की घोषणा की थी। महात्मा गांधी पुस्तकालय वॉचनालय प्रेरक संघ के प्रदेश संरक्षण के गणेश शर्मा निवासी चोरू ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय प्रधानमंत्री माननीय राज्यपाल मुख्यमंत्री को चोरू ग्राम पंचायत सरपंच रामसहाय मेरूठा के माध्यम से पत्र भेज कर अवगत करा बेरोजगारी से त्रस्त होकर 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी पुस्तकालय वाचनालय प्रेरक संघ के प्रदेश संरक्षण गणेश शर्मा अपनी सर्वेक्षण से बेरोजगार प्रेरकों के हितार्थ दे दान को सरपंच के समक्ष घोषणा की है उन्होंने बताया कि वह 31 मार्च 2018 से बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं सरकार द्वारा अब तक कोई सुध नहीं ली गई है।

पौषबड़ा महोत्सव में प्रसादी पाई

विराटनगर। विराटनगर ग्राम पंचायत बागावास चौरासी में राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा शुभारम्भ पर ठाकुर जी महाराज मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित हुआ। सन्तोष मीणा ने बताया कि पौषबड़ा महोत्सव सर्वसमाज के सहयोग से किया गया। इस दौरान ठाकुर जी मंदिर में झांकी सजाई गई। मंदिर में पोषबडों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए खुशी शांति की कामना की। धार्मिक कार्य में भाग लेने से आंनद की अनुभूति होती है। हर व्यक्ति को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा धर्म के कार्य में लगाना चाहिए। इस मौके पर पुजारी राजेन्द्र शर्मा, छाजुराम मीणा, लालचंद मीणा, मनोज मीणा युवा नेता, किशन प्रशापत, जगदीश मीणा बाबा, गब्दु राम मीणा, मनोज पारिक, गिरिराज शर्मा, विकास मीणा, सन्तोष मीणा, लक्ष्मण सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी- सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com
विधि अधिकारी- आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242 ई-मेल-aanchal.sharma@idfcbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 27.02.2024 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

निलामी का विवरण

क्रम सं.	डिमांड नोटिस तिथी एवं राशि	ऋण	ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम	सम्पत्ति का पता	आरक्षित मूल्य राशि	ईएमडी राशि	ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (आनलाइन) तक/पहले	निलामी की तिथि तथा समय	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय	अधिकृत अधिकारी विवरण	विधि अधिकारी विवरण
1	21.03.2023 को रूपये 52,71,141.24/-	26147927	देवेन्द्र सिंह 2. जमिदार उद्योग 3. प्रभावति देवी 4. संदीप कलिरावन 5. सुशीला देवी 6. देवेन्द्र सिंह द्वारा जमिदार उद्योग	कन्वार्टिड प्लाट के बचे हुए हिस्से का पूरा व प्रत्येक भाग, खसरा नं. 864/1, रकबा 11 बिस्वा जिसमें से 528 वर्ग गज अर्थात जिसमें से 528 वर्ग गज अर्थात 441.46 वर्ग मीटर भूमि, ग्राम कलवाड, तहसील व जिला जयपुर, राजस्थान-302012, क्षेत्रफल 1056.73 वर्ग मीटर, और सीमायें है- पूर्व-श्री कन्हैया लाल की भूमि, पश्चिम-रोड 20 फिट चौडी, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-लक्ष्मण जी के प्लाट का बचा हुआ हिस्सा	रूपये 78,18,650/-	रूपये 7,81,865/-	26.02.2024 सायं 5.00 तक	27.02.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक	20.02.2024 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक	सरदीप राठौड, सम्पर्क नम्बर 9887772255 ई-मेल आईडी-sardeep.rathore@idfcbank.com	आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर 7737204242 ई-मेल आईडी-aanchal.sharma@idfcbank.com
2	08.04.2021 को रूपये 34,99,43.42/-	13256336	हंसराज सिंह चमन देवी हंसराज सिंह मै. शुभम फैशन चमन देवी	प्लाट नं. ए-18, क्षेत्रफल 100.00 वर्ग गज, महलापुरम ब्लाक-ए, ग्राम कोट, तहसील-मोजमाबाद, का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, जयपुर राजस्थान, और सीमायें है- पूर्व- 30 फिट चौडी रोड, पश्चिम-प्लाट नं. ए-18, उत्तर-प्लाट नं. ए-19, दक्षिण-प्लाट नं.ए-7	रूपये 202,500/-	रूपये 20,250/-	26.02.2024 सायं 5.00 तक	27.02.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक	20.02.2024 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक		

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को वेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक- 22.01.2024 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
स्थान- जयपुर (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)